>

Title: Need to give employment in Railways to the families of farmers whose land has been acquired by Railways in Danapur Railway Zone under East Central Railway.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्व मध्य रेलवे के अधीन दानापुर रेल मंडल में पिछले कई वÂÂाऩ पहले किसानों से जमीन का अधिग्रहण किया गया था जिस पर रेलवे यार्ड का विकास एवं विस्तार किया गया। रेलवे ने प्रभावित किसानों को मुआवजे के साथ साथ नौकरी देने की बात की गई थी, किंतु वहां के प्रभावित किसान पिछले 10-15 वर्षों से दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं और उनको नौकरी नहीं दी गई। आक्रोशित किसान संघर्षरत हैं, गरीबी और बेहाली की जिंदगी जीने के लिए मजबूर हो गये हैं, किंतु रेलवे की तरफ से कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मैं पहले भी अपने क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण समस्या को सदन में उठा चुका हूं, फिर भी रेलवे इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिन किसानों से जमीन ली गई वे भूमिहीन हो गये हैं। उनकी रोजी रोटी का जो सहारा था वह भी छिन गया है वे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर हैं।

अतः मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान इस ओर आकृÂष्ट करना चाहता हूं और निवेदन करता हूं कि जिन गरीब किसानों की जमीन रेलवे द्वारा अपने विस्तारीकरण के लिए अधिग्रहण की गई थी उनके परिवार के कम से कम एक व्यक्ति को रेलवे में नौकरी अविलम्ब दें।